पर्व

बाजारों में खरीददारी का सिलसिला जारी, घरों में तैयारी शुरू

# शहर में गणेश उत्सव की रौनक, सज गई दुकानें



**नवभारत, जबलपुर।** आगामी 27 अगस्त से गणेश चतुर्थी का महापर्व शुरू हो रहा है। बप्पा के आगमन को लेकर शहर में उत्साह नज़र आने लगा है। मूर्तिकार द्वारा भी मूर्तियों को आखिरी स्वरूप देना शुरू कर दिया है। 10 दिन तक चलने वाला यह उत्सव बड़े ही धूम-धाम से मनाया जाता है। इस दौरान घरों और बड़े-बड़े पूजा पंडालों में भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित की जाती हैं। इसी को लेकर शहर के बजारों में गणेश प्रतिमाओं की दुकानें सज गई है। इसके साथ ही लोग गणेश जी को अपने घर में लाने के लिए बाजारों में सजावट के सामान की खरीददारी के लिए निकल पड़े हैं।

### बाज़ार में दिखने लगी रौनक

गणेश चतुर्थी आने के महीनों पहले से ही मूर्तियां बनना शुरू हो जाती हैं। मुख्य बाजार जैसे कमानिया गेट, बड़ा फुहारा, लार्डगंज, गोरखपुर, छोटे फुहारा, गोहलपुर, आधारताल आदि सभी जगह गणेश प्रतिमाओं की दुकानें लगी हुई है। साथ ही गणेश पंडाल के सजावट की दुकानें भी शहर में हैं, जहां से लोग अपने घरों में गणेश जी की प्रतिमा स्थापित करने से पहले घरों पंडालों में अच्छी सजावट करते हैं।

### अलग- अलग प्रकार की मूर्तियां

गणेश जी की प्रतीमा के भी कई स्वरूप देखने को मिलते हैं। बाजार में तरह तरह की मूर्तियां देखने को मिल रही हैं। मूर्तिकार ने बताया कि बाजार में पगड़ी वाले गणेश, राजगद्दी में बैठ गणेश, मोर, चूहा, शंख, लेटे हुए गणेश जी, जैसी अन्य स्वरूप में प्रतिमाएं मिल जायेंगी।

### पीओपी की मूर्ति से परहेज

प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियां भी बाजार में बिकती हैं। लेकिन लोगों की भक्ति और श्रद्धा भगवान गणेश के प्रति अधिक है एवं हिंदू रीतिरिवाज में शुद्ध मिट्टी की ही बनी मूर्ति का पूजन अर्चन किया जाता है। इसलिए लोग फैशन को न देखते हुए भगवान के ऊपर सच्ची श्रद्धा रखते हुए लोग प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्ति से परहेज करके शुद्ध मिट्टी से ही बनी मूर्ति स्थापित करते हैं।



# फ्लाइओवर में संकीर्तन महोत्सव मनाया

**जबलपुर।** नर्मदा चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल जबलपुर के द्वारा जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट चौक राइट टाउन से चढ़कर फ्लाइओवर में संकीर्तन महोत्सव मनाया। संकीर्तन मंडल संयोजक श्याम मनोहर पटेल ने बताया हर रविवार को सुबह विभिन्न पिछड़ी बस्तियों में भगवान का संकीर्तन किया जाता है। शहर को नई सौगात मिलने के कारण आज संकीर्तन मंडल ने फ्लाईओवर ब्रिज पर आनंद महोत्सव बनाया। मुख्य अतिथि नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल ने कहा समय-समय पर युवाओं ने देश के लिए अपने प्राणों का निछावर किया है, यदि युवा संकीतन करने लगेंगे तो भारत विश्व गुरु बन जाएगा।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर संघ प्रचारक भूपेंद्र पाराशर,कन्हैया, संयोजक श्याम मनोहर पटेल,अध्यक्ष विनोद दीवान, सुरेंद्र गिरी गोस्वामी, सह संकीर्तनचार्य सुरेश विश्वकर्मा, सचिव मनोज गुलाबबानी, रुद्राभिषेकचार्य मोहित तिवारी, मनोहर विश्वकर्मा, छन्नू राम पटेल, चंद्र कुमार पटेल, गणेश विश्वकर्मा, अशोक विश्वकर्मा, नरेश गुजराती, भागचंद कोली, नितिन चौबे, विनोद विश्वकर्मा, मगन विश्वकर्मा, जगदीश पटेल आदि उपस्थित थे।

# मन बहुत चंचल होता है और इसे नियंत्रित करना आसान नहीं

आचार्यश्री विद्यासागर सभा भवन में धर्मसभा



**जबलपुर।** दिगम्बर आचार्य श्री समयसागर महाराज ने आचार्यश्री विद्यासागर सभा भवन, चरहाई में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मन बहुत चंचल होता है और इसे नियंत्रित करना आसान नहीं है। मन में बार-बार नई-नई इच्छाएँ उत्पन्न होती रहती हैं। इच्छाओं को रोकना ही वास्तविक तप है। यदि हम अपनी इच्छाओं पर नियंत्रण कर लें, तो कोई भी आदत अपने आप छूट सकती है। महाराजश्री ने कहा कि भगवान की पूजा करते समय मन को एकाग्र रखना चाहिए। अक्सर मंदिर में पूजा करते समय ध्यान इस ओर चला जाता है कि मंदिर में कौन आ रहा है। लेकिन पूजा तो पूरी श्रद्धा और मन की एकाग्रता से करनी चाहिए। यदि मन को बार-बार समझाया जाए और साधना की जाए, तो उसे अपने वश में किया जा सकता है। दिगम्बर साधु भी अपने मन को एकाग्र करने के लिए निरंतर पुरुषार्थ करते हैं। धर्मसभा की शुरुआत आचार्यश्री विद्यासागर महाराज के चित्र के सामने दीप प्रज्वलन से हुई, जिसे दिल्ली के सूर्यनगर जैन समाज के प्रतिनिधि मंडल और ओशीष जैन (तेंदुखेड़ा) ने किया। आचार्यश्री के पाद प्रक्षालन का सौभाग्य नरधैया के राजा जैन को प्राप्त हुआ। अष्ट-द्रव्य से पूजन नन्हें जैन मंदिर के श्रावकों ने किया। धर्मसभा का संचालन अमित पड़रिया ने किया।

## इस्तकबाले जश्ने ईद मिलादुन्नबी आज

**जबलपुर।** मुस्लिम बहुल क्षेत्र मिल्क स्कीम रोड समीपस्थ अंबेडकर नगर में आज सोमवार को नमाज़े इशा के बाद, हाजी मोहम्मद जावेद अत्तारी की सरपरस्ती में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का आयोजन किया जाएगा। इस मुबारक मौके पर, कई मशहूर उलेमा और शायर शिरकत करेंगे। इस जश्न में, खतीबे हिंदुस्तान हज़रत अल्लामा मौलाना अब्दुल्लाह सिद्दीकी साहब, मौलाना चांद कादरी और मौलाना शोएब मदनी तक़रीर फरमाएंगे। इसके साथ ही, शायरे हिंदुस्तान कैसर रज़ा जबलपुरी, ज़हीद अली, दिलशाद अत्तारी, नफ़ीस कटंगी और अलीम अख़्तर सुलेमानी साहब भी अपना कलाम पेश करेंगे।

# रक्तदान में देखने को मिली गहरी उत्सुकता

ब्रह्माकुमारीज़ शिव उपहार भवन में रक्तदान शिविर

**जबलपुर।** विश्व बंधुत्व दिवस के उपलक्ष्य में देशभर में चल रहे रक्तदान महाअभियान के तहत जबलपुर में भी विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन ब्रह्माकुमारीज़ शिव उपहार भवन में किया गया। शिविर में सुबह से ही लोगों में रक्तदान को लेकर गहरी उत्सुकता देखने को मिली और लोगों ने बड़ी संख्या में रक्तदान किया। बताया गया कि महाअभियान के अंतर्गत केवल दो दिनों में ही देशभर के 670 शिविरों से लगभग 50 हजार यूनिट रक्त एकत्रित किया जा चुका है। 25 अगस्त तक 1500 शिविरों के



माध्यम से एक लाख यूनिट रक्तदान का लक्ष्य रखा गया है।यह महाअभियान संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि (25 अगस्त 2025) के अवसर पर समाजसेवा प्रभाग द्वारा भारत एवं नेपाल में चलाया जा रहा है। 22 से 25 अगस्त तक लगातार शिविरों के माध्यम से डेढ़ लाख यूनिट रक्तदान का संकल्प लिया गया है।वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी विमला ने कहा कि दान केवल धन का ही नहीं, सबसे श्रेष्ठ दान जीवनदान है। रक्तदान उसी जीवनदान की श्रेणी में आता है।ब्रह्माकुमारी विनीता ने कहा कि युवा यदि वर्ष में दो बार रक्तदान करें, तो देश में रक्त की कभी कमी नहीं होगी।ब्लड बैंक प्रभारी विक्टोरिया अस्पताल की डॉ. अमिता जैन ने बताया कि एक यूनिट रक्त से 3-4 लोगों की जान बचाई जा सकती है। रक्तदाताओं ने पूरे उत्साह से रक्तदान किया। बड़ी संख्या में ब्रह्माकुमारी बहनों , आर्मी जवानों युवाओं ने भी आगे बढ़कर योगदान दिया। स्थानीय ब्लड बैंक, समाजसेवी संगठनों एवं फ्रेंड्स ऑफ ट्राइबल सोसाइटी युवा जबलपुर का विशेष सहयोग रहा।कार्यक्रम में डॉ अमितोष भल्ला, निशा पटेल, कमल वालेचा, जय सिंह, अरविंद विश्वकर्मा, ब्रह्माकुमारी मधु, ब्रह्माकुमारी आरती, ब्रह्माकुमारी शिवकुमारी का विशेष सहयोग था।

## एक नजर में



### 120 विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**जबलपुर।** गुरमत मिशन सर्कल, जबलपुर द्वारा सिख प्रतिभा सम्मान एवं करियर गाइडेंस समारोह का आयोजन गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज, जबलपुर में किया गया। इस अवसर पर लगभग 120 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का आयोजन गुरमत मिशन सर्कल इंचार्ज वीर शमशेर सिंह (शेरू) और गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज के प्रिंसिपल वीर रविन्दर सिंह चंडोक के नेतृत्व में हुआ। गुरमत मिशन के सदस्य वीर जोगा सिंह, वीर जगजीत सिंह, वीर फुलबीर सिंह, इवनीत कौर, मनिन्दर कौर,रविंदर कौर चंडोक शरणजीत कौर एवं सभी स्नेही साथियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### रामरतन सर्वसम्मति से चुने गए प्रदेश अध्यक्ष

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश धनगर यादव समाज के चुनाव सामाजिक भवन उपनगरीय क्षेत्र रामपुर में शपथग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। सर्वसम्मति से निर्वाचन अधिकारियों राजकुमार यादव, खेमचंद धनगर, सुरेश यादव, जगदीश यादव, चुनाव अधिकारी थे। पूर्व जे.डी.ए. उपाध्यक्ष रघुनाथ यादव, चंद्रभान यादव, विनोद यादव, गनेश धनगर की उपस्थिति में सर्वसम्मति व निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष रामरतन यादव, उपाध्यक्ष मुकेश यादव, अमरचंद यादव, एड. रमाशंकर यादव, अजीत यादव, सचिव एड. संतोष यादव, सहसचिव पूरन यादव संजू, डॉ. के.के. यादव, कोषाध्यक्ष राकेश यादव, उपकोषाध्यक्ष प्रवीण यादव, रज्जन यादव, कार्यकारिणी सदस्य- मुकेश यादव (शहपुरा), भरत यादव, अश्विनी यादव, विजय यादव, राजू यादव, संतोष यादव, एड. धर्मेन्द्र यादव, राजेश यादव, जितेन्द्र यादव (जोधपुर), राजेश यादव, राकेश यादव, दिलीप यादव, विनय यादव, दीपक यादव, रामकुमार यादव, अमित यादव, संगठन मंत्री- प्रमोद यादव, सुनील यादव, अरविंद यादव, आदि चुने गये। साथ ही चुनाव उपरांत शपथग्रहण समारोह भी सम्पन्न हुआ।

# मनमोहक वेशभूषा में बच्चों ने दी नृत्य-गायन प्रस्तुति

**जबलपुर।** पटवा समाज जबलपुर द्वारा कजलियां मिलन समारोह का आयोजन किया गया । समारोह में बच्चों ने राधा कृष्ण की मनमोहक वेशभूषा में प्रस्तुति की साथ ही बच्चों ने नृत्य गायन भी प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय पटवा वैश्य महासभा समाज के प्रांतीय अध्यक्ष श्रीकांत पटवा एवं विशिष्ट अतिथि प्रान्तीय सचिव रविंद्र प्रताप सिंह केहरि, पटवा समाज जबलपुर के अध्यक्ष डीके रतनेर उपाध्यक्ष टी सी लखेरा, सचिव अभय पाटकर कोषाध्यक्ष के एल तारन सह सचिव सुबोध पाटकर संगठन एवं सूचना मंत्री चंद्र कांत पटवा राष्ट्रिय कोषाध्यक्ष संगठन



सचेतक दुर्गेश चौहान, कार्यकारिणी सदस्य पवन पटवा , राकेश पाटकार, मनीष पटवा अभिजीत लखेरा विनय पाटकर, महिला अध्यक्ष श्रद्धा तारन, वरिष्ठ महिला प्रतिनिधि दीपा रत्नेर,सचिव सुधा पाटकर, उपाध्यक्ष संध्या चौहान, कोषाध्यक्ष ममता पटवा, समाज के संरक्षक सुदामा पाटिल, गोविंद पाटकर, केशव पटवा, वरिष्ठ सदस्य रामदयाल पाटिल, राम सेवक पाटकर शंकर लाल पाटस्कर पटवा समाज जबलपुर की कार्यकारिणी के सभी सदस्य सराहनीय सहयोग से संपन्न हुआ।

# बिजली इंजीनियर का प्रतिनिधि मंडल जाएगा मुख्यमंत्री से मिलने

**जबलपुर।** बिजली इंजीनियर का प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री से मिलने जाएगा। म प्र विद्युत मंडल के पत्रोंपाधि अभियंता संघ के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंजी अशोक जैन ने बताया कि राजधानी भोपाल में 26 अगस्त मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव विद्युत कंपनियों में अभियंताओं लाईन मैनों व अन्य पदों में नियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र का वितरण करेंगे। भोपाल के रविन्द्र भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पत्रोपाधि अभियंता संघ के पांच सदस्यी प्रतिनिधि मंडल को भी आमंत्रित किया गया है। म प्र विद्युत मंडल पत्रोंपाधि अभियंता संघ के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंजीनियर अशोक जैन ने बताया कि इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिये प्रतिनिधि मंडल में इंजीनियर अशोक जैन, सी के लखेरा, स्वर्ण सिंह मनकोटिया के के असाटी आदि भोपाल रवाना होंगे। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अभियंताओं की मुख्य समस्याओं पर चर्चा की जाएगी और ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# मानवता का पैगाम दे रही श्रीगुरु ग्रंथ साहिब की गुरुवाणी

**जबलपुर।** विश्वविख्यात भारतीय धर्म ग्रंथ और सिखों के सर्वोच्च गुरु, श्रीगुरुग्रंथ साहिब जी का पवित्र प्रकाशोत्सव गुरुपर्व पर पूर्ण आस्था और श्रद्धा भक्ति के साथ गुरुद्वारा माइयां, इकबाल भवन में में मनाया गया। इस मौके पर तख्त श्री हुजूर साहिब नांदेड़ महाराष्ट्र के वरिष्ठ गुरुवाणी मीमांसाक एवं दार्शनिक ज्ञानी रजिंदर सिंह ने कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की इलाही गुरुवाणी समग्र विश्व में ईश्वरीय आराधना के साथ साथ मानवता का अनुकरणीय पैगाम दे रही है। रागी जत्था अमनदीप सिंह, मदनमहल, मनप्रीत सिंह, ग्वारीघाट एवं हरमीत सिंह आदि



गुरुवाणी कासम सामयिक मधुर गायन कर रहे थे वाणी गुरु, गुरु है वाणी बिच वाणी अमृत सारे। वाणी कहे सेवक जन माने परतख गुरु निस्तारे । मुख्य ग्रंथी ज्ञानी प्रीतम सिंह ने सरबत के भले की अरदास प्रार्थना के बाद गुरुग्रंथ साहिब जी का पवित्र हुक्मनामा श्रवण करवाया पश्चात कड़ाह प्रसाद वितरित किया गया ।गुरु का लंगर में सिख नारी मंच की मातृशक्ति का अतुलनीय योगदान रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष माथा टेक कर अपनी श्रद्धा भक्ति का इजहार किया ।

# बुंदेली लोक नृत्यों ने किया मंत्रमुग्ध

डॉ. पूरनचंद श्रीवास्तव जयंती समारोह

**जबलपुर।** लोक भाषाओं और बोलियों में बुंदेली लोक गीतों पर आधारित नृत्यों का विशिष्ट महत्व है ।जीवन के सभी सोलह संस्कारों सहित विविध तीज त्योहारों पर बुंदेली गीत गाए जाते हैं ।जिन पर अलग अलग तरह से मनोहारी नृत्य प्रस्तुत किए जाते हैं । उपरोक्त आशय के विचार आज डॉ. पूरनचंद श्रीवास्तव जयंती समारोह के अंतर्गत गोलबाजार स्थित दत्त मंदिर प्रेक्षा ग्रह में आयोजित सरदार एच. एस. चौपरा स्मृति बुंदेली



नृत्यश्री प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए अतिथियों ने व्यक्त किए। दीप प्रज्वलन अतिथि सरदार गुरवचन सिंह चौपरा, डॉ. आनंद तिवारी,नित्यनिरंजन खम्परिया पूर्व विधायक,अभय जैन,बलविन्दर मान, शीतल जैन ने किया । अतिथि स्वागत विजय जायसवाल, राजीव गुप्ता, डॉ. रजनीश गर्ग, विमला श्रीवास्तव, भारती साहा, रेखा सहाने, अंकिता गिनारा ने किया ।

अभियान

फिट इंडिया साईकिलिंग अभियान संडे ऑन साईकिल विथ एमपी पुलिस

# फिटनेस को अपनी दिनचर्या में करें शामिल

**जबलपुर।** फिट इंडिया अभियान के तहत जनमानस को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिये जागरूक करने तथा फिटनेस को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के उद्देश्य से चलाये जा रहे फिट इंडिया साइकिलिंग अभियान संडे ऑन साईकिल कार्यक्रम की कड़ी में रविवार को भारतीय खेल प्राधिकरण, रानीताल स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, जबलपुर से पुलिस कर्मियों एवं खिलाड़ियों की सायकिल रैली आयोजित की गई ।



साइकिल रैली रानीताल, स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, से प्रारम्भ होकर बलदेवबाग़ चौक, उखरी चौक, एकता चौक से अहिंसा चौक, एसबीआई चौक, दीनदयाल बस स्टैंड चौक से वापसी उसी रोड़ से रानीताल, स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, में सम्पन्न हुई । साइकिल रैली में पुलिस अधिकारी- कर्मचारी तथा खिलाड़ियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर सभी को फिटनेस को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने के लिए फिट इंडिया मिशन के तहत फिटनेस का डोज, आंधा घंटा रोज के तहत शरीर को फिट रखने के लिये नियमित व्यायाम-सायक्लिंग करने शपथ दिलाई गयी।

इस अवसर पर सेकेट्री मध्यप्रदेश साईकिल एसोसिएशन भीष्म सिंह राजपूत,इंटरनेशनल बास्केटबॉल प्रशिक्षक कुलदीप सिंह बरार, उप पुलिस अधीक्षक अ.जा.क सुनील नेमा, रक्षित निरीक्षक जय प्रकाश आर्य, पुलिस अधिकारी कर्मचारी तथा खिलाड़ी आदि उपस्थित थे।

नेशनल हॉस्पिटल
PEOPLE WHO CARE
स्थान: 703, गोलबाजार, जबलपुर
फोन नं.: 0761- 2412612, 2414612
C.G.H.S. C.S.M.A. E.S.I.C. एवं आयुष्मान द्वारा मान्यता प्राप्त
सुपर स्पेशिलिटी विभाग ● हृदय रोग (एंजियोग्रॉफी, एंजियोप्लॉस्टी, पेसमेकर) ● न्योरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी (लकवा, मिर्गी, मूवमेन्ट डिसआर्डर, स्पाईन सर्जरी, हेड इन्जरी, ब्रेन ट्यूमर) ● यूरोलॉजी (मूत्र के सभी रोगो का इलाज एवं ऑपरेशन, प्रोस्टेड के ऑपरेशन लेज़र द्वारा किडनी की पथरी के ऑपरेशन) ● शल्य चिकित्सा (हर्निया, अपेन्डिक्स, पाईल्स, फिस्टुला व आंतो में छेद एवं पेट के सभी ऑपरेशन) ● हड्डी रोग (हिप एवं नी रिप्लेशमेन्ट) ● छाती रोग ● नेफ्रोलॉजी (डायलिसिस) ● स्त्री रोग (हाई रिस्क प्रेगनेन्सी) ● नेत्र रोग ● शिशु रोग
28 वर्षो से जहर, सर्पदंश, डेंगू, एक्सीडेंट, ट्रामा एवं अन्य एम.एल.सी. के मरीजों में सर्वाधिक जीवन रक्षा का कीर्तिमान

FIRST TIME IN INDIA
भारत में पहली बार एक मात्र आयुर्वेदिक सेंटर जहां पर ठीक होने के बाद पैसा देना पड़ता है
स्पर्श आयुर्वेदा रिसर्च
सुरक्षित आयुर्वेदिक उपचार
1013 नरसिंह बिल्डिंग अपना बाजार के सामने रानीताल चौक, जबलपुर
मो. नं. 8234092477, 9713951308, 9302791019
विशेष- एक दिन पहले नंबर लगाये।
उपलब्ध उपचार-
शुगर किडनी हार्ट ब्लाकेज सिरोसिस सफेद दाग लकवा माइग्रेन साईटिका घुटनों में दर्द एवं गेप सेक्स प्रॉब्लम (स्त्री/पुरुष) अस्थमा
IBS PCOD/PCOS FATTY LEVER CANCER